हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 14 अगस्त 2026

तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

14
सावन की एकादशी पर मंदिर और घरों में हुआ रुद्राभिषेक





# युवा अपने हौसलों को मजबूत कर लक्ष्य हासिल करें : मंत्री चौधरी



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

उच्च शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य प्रकोष्ठ द्वारा गुरुवार को जिला ऑडिटोरियम बलौदाबाजार में नशामुक्त विकसित भारत तथा नशामुक्त सशक्त युवा एवं संत रविदास जयंती अंतर्गत युवा नेतृत्व एवं कौशल विकास क्षमता विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया। वित्त मंत्री ओपी चौधरी मुख्य वक्ता के तौर पर इस कार्यशाला मे शामिल हुए और युवाओं को प्रेरित करते हुए जीवन में आने वाली चुनौतियों का डटकर सामना करने और अपने तय लक्ष्यों को हासिल करने के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। ▸▸ शेष पेज 14 पर

## युवा नेतृत्व एवं कौशल विकास क्षमता कार्यशाला में वित्त मंत्री ओपी चौधरी हुए शामिल



**नशे से युवाओं को बचाना राष्ट्र के सामने बड़ी चुनौती:** राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि युवाओं में नशा राष्ट्र के सामने एक चुनौती है। नशे की आलोचना के साथ इसे दूर करने सबको साथ आना होगा। उन्होंने कहा कि हम विकसित भारत 2047 के साथ आगे बाढ़ रहे हैं। इसमें युवाओं की महती भूमिका है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी युवा शक्ति है, युवा नशे के चंगुल में पड़ेंगे तो राष्ट्र को नुकसान होगा। संत रविदास के प्रकट उत्सव पर कहा कि संत रविदास के बताए मार्ग पर चलाकर प्रदेश को एक विकसित और अग्रणी राज्य बनाएंगे।

### युवा ऊर्जा को सही दिशा देकर हासिल करें सफलता

कार्यक्रम में वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि युवाओं में असीम ऊर्जा निहित होती हैं, उस ऊर्जा को सही दिशा में लगाने से परिवर्तन जरूर होता है। इतिहास गवाह है भारत वर्ष में ऐसे अनेक युवा हुए हैं, जिन्होंने कम आयु में ही ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है, जिसमें शंकराचार्य, स्वामी विवेकानंद, खुदीराम बोस, शहीद भगत सिंह जैसे विभूति शामिल हैं। उन्होंने कहा क्रि जीवन में कोई भी कठिनाई आए तो उससे घबराकर हार नहीं मानना है, बल्कि सामना करें, कठिनाई मार्ग के बाधक नहीं बल्कि साधक हैं। सड़क में गड्ढे होते हैं तो हम चलना नहीं छोड़ते, गड्ढे से छलांग लगाकर पार होते हैं और अपने गंतव्य की ओर बढ़ जाते हैं। उन्होंने कहा क्रि युवा मन में जूनून पैदा करें और कुछ कर गुजरने की इच्छा रखें। बिना रिस्क लिये जिंदगी में सफलता नहीं मिलती। रिस्क लेने की क्षमता विकसित करें।

### विकसित भारत निर्माण एवं बेहतर करियर हेतु युवाओं को किया प्रोत्साहित

मंत्री चौधरी ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का डंका विदेशों में बज रहा है। भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करने हम सबकी सहभागिता जरुरी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में एक समय में केवल एक मेडिकल कॉलेज हुआ करता था, लेकिन आज 20 होने जा रहा है। नर्सिंग कॉलेज 24 हो गए हैं। राजधानी में कई राष्ट्रीय महत्व के संस्थान खुल गये हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में केवल डिग्री हासिल करने मात्र से नौकरी की गारंटी नहीं है, अब डिग्री के साथ कौशल भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार 200 युवाओं को यूपीएससी की निःशुल्क कोचिंग की सुविधा प्रदान कर रही है। प्रदेश मे विभिन्न विभागों में सरकारी पदों को भरने की कार्यवाही की जा रही है। आज के दौर में सोशल मीडिया युवाओं का पसंदीदा प्लेटफार्म है, लेकिन इसमें सकारात्मक विचारों का आदान- प्रदान होना चाहिए। युवाओं को नकारात्मक विषयों से बचना होगा।

## खबर संक्षेप

### 86 पौवा शराब जब्त एक गिरफ्तार, दो फरार



**भवानीपुर**। अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गिधपुरी पुलिस ने कार्रवाई में तीन तस्करों में से एक गिरफ्तार किया है, जबकि दो आरोपी पुलिस को चकमा देकर बाइक लेकर फरार हो गए। अब गिधपुरी पुलिस की टीम इन फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हैं। 11 अगस्त को गिधपुरी पुलिस ने ग्राम जुनवानी स्थित तेलासी रोड पर घेराबंदी की। टीम को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि इस इलाके में अवैध शराब की बिक्री की जा रही है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेरा बंदी कर तीन संदिग्ध युवकों को रोकने का प्रयास किया, मगर जैसे ही पुलिस ने उन्हें रोका, दो आरोपियों ने अपनी मोटरसाइकिल खिसकाई और मौके का फायदा उठाते हुए फरार हो गए। लेकिन पुलिस ने तीसरे आरोपी को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान तेजसिंह चतुर्वेदी 25 वर्ष, निवासी ग्राम सुन्द्रावन के रूप में हुई है। उसके कब्जे से पुलिस ने 86 पौवा देशी मसाला शराब और एक मोटरसाइकिल जब्त की गई है। वहीं फरार आरोपी मनीष चतुर्वेदी और रणवीर बंजारे निवासी सुन्द्रावन की पुलिस तलाश में जुटी है ।

### विश्व आदिवासी दिवस पर भाजपा ने नहीं दी बधाई



**भाटापारा**। अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस के समन्वयक गणेश सिंह ध्रुव ने 9 अगस्त को मनाए गए विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व द्वारा बधाई न दिए जाने पर कड़ा विरोध दर्ज कराया है।अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर उठाए गए इस मुद्दे का समर्थन करते हुए गणेशसिंह ध्रुव ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, ▸▸ शेष पेज 14 पर

**आक्रोश : ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन**

# चारागाह भूमि उद्योग को सौंपने का विरोध ग्रामीणों ने किया तहसील का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिमगा

विकासखंडअंतर्गत ग्राम पंचायत चंदेरी की शासकीय भूमि खसरा क्रमांक 1660, 2206, 2207 एवं 1743, कुल रकबा लगभग 23.93 हेक्टेयर भूमि को औद्योगिक प्रयोजन के लिए उद्योग विभाग को हस्तांतरित किए जाने के प्रस्ताव का ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणों ने विरोध किया। ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार सिमगा को ज्ञापन सौंप भूमि हस्तांतरण की कार्रवाई निरस्त करने की मांग की।

ग्रामीणों ने बताया कि उक्त भूमि शासकीय जंगल, शासकीय नर्सरी, प्राकृतिक चारागाह तथा फॉरेस्ट स्वरूप की है। यह चंदेरी सहित आसपास की लगभग 8 से 10 ग्राम पंचायतों के हजारों गौवंश एवं अन्य मवेशियों के लिए प्रमुख चारागाह है। साथ ही यह भूमि पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता, भू-जल संवर्धन एवं ग्रामीणों की आजीविका के लिए महत्वपूर्ण है। वहीं प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी ने कहा कि ग्राम पंचायत और ग्राम सभा की सहमति के बिना जमीन का अंतरण सरकार की जनविरोधी नीति को उजागर करती है।

माहेश्वरी ने कहा कि चंदेरी की यह भूमि ग्रामीणों, पशुपालकों और पशुधन के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इसे औद्योगिक प्रयोजन के लिए देना जनहित के खिलाफ है। कांग्रेस ग्रामीणों के हक की इस लड़ाई में उनके साथ खड़ी है। वरिष्ठ नेता कुबेर यदु ने कहा कि यह भूमि वर्षों से ग्रामीणों के उपयोग में है और पशुओं के लिए प्रमुख चारागाह है।

माहेश्वरी ने कहा कि चंदेरी की यह भूमि ग्रामीणों, पशुपालकों और पशुधन के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इसे औद्योगिक प्रयोजन के लिए देना जनहित के खिलाफ है। कांग्रेस ग्रामीणों के हक की इस लड़ाई में उनके साथ खड़ी है। वरिष्ठ नेता कुबेर यदु ने कहा कि यह भूमि वर्षों से ग्रामीणों के उपयोग में है और पशुओं के लिए प्रमुख चारागाह है।

शासन को ग्रामीणों की भावनाओं और ग्राम पंचायत के सर्वसम्मत ▸▸ शेष पेज 14 पर



### भूमि हस्तांतरण तत्काल रोकने की मांग

शासन को ग्रामीणों की भावनाओं और ग्राम पंचायत के सर्वसम्मत निर्णय का सम्मान करते हुए भूमि हस्तांतरण तत्काल रोकना चाहिए। सरपंच चंदेरी रंजीता कौशल ने कहा कि ग्राम पंचायत ने सर्वसम्मति से इस भूमि को उद्योग विभाग को देने का विरोध किया है। हमारी मांग है कि भूमि को चारागाह एवं शासकीय प्रयोजन के लिए सुरक्षित रखा जाए।

### भूमि हस्तांतरण तत्काल रोकने की मांग

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू भाटिया ने कहा कि चंदेरी की भूमि को औद्योगिक प्रयोजन के लिए देने का कांग्रेस पुरजोर विरोध करती है। आज तहसीलदार अनुराग भट्ट को ज्ञापन सौंपकर शासन से प्रस्ताव निरस्त करने की मांग की। इस दौरान ग्रामीणों ने मांग की कि भूईयां पोर्टल एवं राजस्व अभिलेखों में भूमि का प्रयोजन परिवर्तन निरस्त कर पूर्ववत 'चारागाह, जंगल' बहाल किया जाए तथा भूमि को भविष्य में भी शासकीय जंगल, शासकीय नर्सरी एवं प्राकृतिक चारागाह के रूप में सुरक्षित रखा जाए।

# कचरा संग्रहण ई-रिक्शा के दुरुपयोग पर कांग्रेस पार्षदों ने मांगा जवाब



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

नगर पालिका परिषद के सफाई विभाग की कचरा संग्रहण ई-रिक्शा के कथित गैर-शासकीय उपयोग का मामला सामने आया है। वार्ड 9 के पार्षद द्वारा ई-रिक्शा को शाम के समय ठाकुरदेव चौक, पुरानी बस्ती क्षेत्र में कुछ युवकों के साथ देखे जाने की बात कही गई है। कांग्रेस पार्षदों ने इसे नगर पालिका के संसाधनों की निगरानी और जवाबदेही पर गंभीर सवाल बताते हुए जांच की मांग की है।

नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष शेख सलमान ने कहा कि ई-रिक्शा जनता के धन से संचालित शासकीय संसाधन है, जिसका उपयोग शहर की सफाई व्यवस्था के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि निर्धारित कार्य समाप्त होने के बाद वाहन किसके कब्जे में था, चालक कौन था और उसे क्षेत्र में ले जाने की अनुमति किसने दी।

कांग्रेस पार्षदों ने संबंधित ई-रिक्शा की लॉगबुक, चालक की ड्यूटी, वाहन की आवाजाही, कर्मचारियों की उपस्थिति और क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज की जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि जांच में यदि किसी कर्मचारी, चालक या अधिकारी की लापरवाही सामने आती है तो जिम्मेदारी तय कर नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए।

पार्षदों ने कहा कि नगर पालिका के वाहन, ईंधन और अन्य संसाधन जनता के पैसे से संचालित होते हैं। इसलिए इनके उपयोग में पारदर्शिता और जवाबदेही जरूरी है। उन्होंने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक स्थिति जनता के सामने रखने की मांग की है।

# नकली ऑयल तैयार कर बेचने वाला युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

नकली मोबिल आयल बेचने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से टाटा मोटर्स एवं गल्फ ऑयल के नाम से तैयार नकली उत्पाद 246 सीलबंद डिब्बे पुलिस ने जब्त किया है, जिसकी कीमत 4,30,500 रुपए आंकी गई है।



जानकारी के अनुसार प्रार्थी शनि घोष ने ग्रामीण थाना में आवेदन प्रस्तुत कर बताया गया कि वह इपर कंपनी में प्रतिनिधि के पद पर कार्यरत है और कंपनी ने अपने उत्पादों की नकल करने तथा विक्रय करने वालों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई के लिए अधिकृत किया है।

प्रार्थी को प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम अर्जुनी स्थित जय जगन्नाथ यूरिया पानी एवं ग्रिसिंग सेंटर में इपर के टाटा मोटर्स एवं गल्फ ऑयल ब्रांड के नकली उत्पादों का विक्रय किए जाने की जानकारी प्राप्त हुई। सूचना पर ग्रामीण पुलिस ▸▸ शेष पेज 14 पर

# स्वतंत्रता दिवस से पहले हुआ फाइनल रिहर्सल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

- कलेक्टर व एसपी ने तैयारी के सम्बन्ध में दिए जरूरी निर्देश

स्वतंत्रता दिवस जिला स्तरीय समारोह का फुल ड्रेस फ़ाइनल रिहर्सल गुरुवार क़ो कलेक्टर कुलदीप शर्मा एवं एसपी गौरव राय की उपस्थिति में प फ ण्ड त च क्र पा णी शुक्ल हाई स्कूल मैदान में सम्पन्न हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि की भूमिका में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल ने ध्वजा रोहण किया और परेड का निरीक्षण किया।









मुख्य समारोह में मिनट टू मिनट आयोजित होने वाले कार्यक्रम अनुसार सभी कार्यक्रमों का रिहर्सल किया गया। परेड में जिला पुलिस बल, अर्द्ध सैनिक बल, होम गार्ड, एनसीसी, एन एस एस, स्काउट गाइड की टुकड़ियां शामिल हुई। परेड का नेतृत्व रक्षित निरीक्षक उषा ठाकुर एवं परेड 2 आईसी प्रशिक्षु सूबेदार पुष्पेंद्र राज खटर्जी ने किया। इस दौरान विभिन्न स्कूलों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी अभ्यास किया गया। कलेक्टर शर्मा ने समारोह में अतिथियों एवं नागरिकों की बैठक व्यवस्था, साउंड सिस्टम, पेयजल, जलपान सहित अन्य व्यवस्थाओ क़ो दुरुस्त रखने के निर्देश दिये। उन्होंने संस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति में कमियों को दूर करने कहा। एसपी गौरव राय ने पार्किंग, सुरक्षा सहित अनुशासन का पालन करते हुए बेहतर ढंग से कार्यक्रम सम्पन्न करने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते, निशा नेताम मड़ावी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खोमन सिन्हा, सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।


**लगातार वारदातों से ग्रामीणों में बढ़ी चिंता**

# आत्मानंद स्कूल के मध्यान्ह भोजन केंद्र में चोरी, दाल-चावल और पंखा ले गए चोर



हरिभूमि न्यूज ▸▸| अर्जुनी

ग्राम अर्जुनी में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों की चिंता बढ़ती जा रही है। बुधवार रात स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक शाला के मध्यान्ह भोजन केंद्र को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाते हुए 3 बोरी चावल, 25 किलो अरहर दाल और एक पंखा चोरी कर लिया। लगातार सामने आ रही घटनाओं के बीच भाटापारा ग्रामीण थाना पुलिस से क्षेत्र में विशेष निगरानी और सघन कार्रवाई की मांग उठने लगी है।



गुरुवार सुबह विद्यालय पहुंचने पर चोरी की घटना की जानकारी सामने आई। विद्यालय परिसर में चोरी की घटना से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।

विद्यालय में रखे मध्यान्ह भोजन के सामान की चोरी होने से बच्चों के लिए भोजन व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है। बता दे कि स्कूल में चोरी की घटना से ठीक एक दिन पहले अर्जुनी में सोहन वर्मा की दुकान का शटर उठाकर चोर जरूरी सामान और नगद राशि चोरी कर ले गए थे। लगातार हो रही वारदातों से ग्रामीणों में असुरक्षा का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि चोरी की घटनाओं पर अब तक अपेक्षित सख्ती और सघन कार्रवाई नजर नहीं आने से चोरों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं।

लगातार चोरी की घटनाओं को देखते हुए ग्रामीणों ने भाटापारा ग्रामीण थाना क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और पूर्व की चोरी की घटनाओं का जल्द खुलासा करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो चोरी की घटनाएं और बढ़ सकती हैं।

# तिरंगा हमारी आन -बान और सम्मान का प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

- राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा तिरंगा की अगुवाई में तिरंगा यात्रा का आयोजन

देशभक्ति के जज्बे और उमंग के साथ गुरुवार को जिला मुख्यालय में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने स्थानीय गार्डन चौक स्थित अटल परिसर से हरी झंडी दिखाकर तिरंगा यात्रा का शुभारम्भ किया ।तिरंगा यात्रा मे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा,डॉ सनम जांगड़े,प्रमोद शर्मा भी शामिल हुए।

तिरंगा यात्रा गार्डन चौक से प्रारम्भ होकर नया बस स्टैंड होते हुए अम्बेडकर चौक में सम्पन्न हुई। यात्रा की शुरुआत भारत माता के जयकारों और देशभक्ति गीतों के साथ हुई। पूरे मार्ग में वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारों से माहौल गुंजायमान रहा।







हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थामे लोगों यात्रा का हिस्सा बनते गये।

यात्रा प्रारम्भ करने से पूर्व मंत्री वर्मा ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि तिरंगा सिर्फ एक कपड़ा नहीं बल्कि हमारे देश की आन-बान, शान और सम्मान का प्रतीक है। आज की यह भव्य यात्रा यह दर्शाती है कि हमारे नागरिकों के दिलों में राष्ट्र के प्रति कितना सम्मान और प्रेम है। हमें अपने वीर शहीदों के बलिदान को हमेशा याद रखना चाहिए और देश के विकास में अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में आह्वान पर पूरे देश में देश भक्ति के जज्बे के साथ तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है।सभी इस यात्रा से जुड़े और एकता और भाईचारा का सन्देश दें।

इस भव्य तिरंगा यात्रा में जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, कलेक्टर कुलदीप ▸▸ शेष पेज 14 पर
















संकलनकर्ता- इन्द्र कोटवानी, हरिभूमि संवाददाता तिल्दा-नेवरा, मो.: 9300688639, 7000171605




संकलनकर्ता- इन्द्र कोटवानी, हरिभूमि संवाददाता तिल्दा-नेवरा, मो.: 9300688639, 7000171605

## खबर संक्षेप

### सिविल लाइंस में ई-मालखाना

**रायपुर।** कमिश्नरेट रायपुर में ई-मालखाना प्रणाली की शुरुआत मध्य जोन के थाना कोतवाली से ही की गई थी। इसी क्रम में बुधवार को सिविल लाइंस थाना में ई-मालखाना का शुभारंभ अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमित कांबले द्वारा किया गया। सिविल लाइन में ई-मालखाना प्रारंभ होने के साथ ही मध्य जोन के सभी 7 थानों- कोतवाली, मौदहापारा, गोलबाजार, देवेंद्र नगर, गंज, तेलीबांधा एवं सिविल लाइन में ई-मालखाना प्रणाली प्रारंभ हो गई है। इस अवसर पर डीसीपी मध्य जोन तारकेश्वर पटेल, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त विवेक शुक्ला, एसीपी रमाकांत साहू, थाना प्रभारी सिविल लाइन यामन देवांगन सहित थाना स्टाफ उपस्थित था।

### शराब पीने पैसा नहीं देने पर मारपीट, आरोपी जेल दाखिल

**रायपुर।** शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर मारपीट करने वाले एक नाबालिक सहित तीन बदमाशों को सिलतरा पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल किया। सजीत कुमार की शिकायत पर पुलिस ने शीतल कुर्रे उर्फ बबलू, कमलेश बंजारे तथा एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। तीनों ने एक अगस्त को सांकरा के पास सजीत का रास्ता रोक कर शराब पीने पैसों की मांग की। पैसा देने से इनकार करने पर उसके साथ मारपीट कर मौके से फरार हो गए थे।

### गुंडा बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई

**रायपुर।** पुलिस कमिश्नरेट के सेंट्रल जोन में डीसीपी तारकेश्वर पटेल के निर्देश पर मंगलवार को विशेष अभियान चलाकर असामाजिक तत्वों एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त बदमाशों के खिलाफ अभियान चलाकर जांच की गई। अभियान के तहत संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की गई। निगरानीशुदा एवं गुंडा बदमाशों के खिलाफ 142 जांच में 121 लोगों की उपस्थिति दर्ज की गई। उनमें 22 फरार तथा 36 जेल में निरुद्ध पाए गए। एक मिसिंग तथा आठ बदमाशों के बाहर होने की पुलिस को जानकारी मिली

### शहीद स्मारक भवन में ध्वजारोहण समारोह 15 को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रगतिशील यादव महासंघ द्वारा रजबंधा मैदान, शहीद स्मारक भवन में 15 अगस्त को ध्वजारोहण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त कर्नल चारुदत्त दीवन होंगे। इसके अलावा इस समारोह में विशिष्ट अतिथि सीनियर सिटीजन वेल्फेयर फोरम के अध्यक्ष प्रकाश सुरावधनीवार और विशेष अतिथि वार्ड 35 मौदहापारा के पार्षद शेख उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी महासंघ के पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम सुबह 9 बजे प्रारंभ होगा।

### 22 हेक्टेयर शासकीय भूमि के आवंटन प्रक्रिया के विरोध में उतरे रसनी के ग्रामीण

**रायपुर।** रायपुर जिले के आरंग क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रसनी के सार्वजनिक कार्यक्रम के लिए आरक्षित गांव की 22 हेक्टेयर शासकीय जमीन को औद्योगिक प्रयोजन के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र विभाग को सौंपने की प्रक्रिया चल रही है। इसकी जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में भारी नाराजगी व्याप्त है। ग्रामीणों ने क्षेत्र के एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर चेतावनी दी है कि अगर आवंटन की प्रक्रिया को रोका नहीं गया, तो वे 15 अगस्त को सुबह 9 बजे नेशनल हाईवे पर चक्काजाम कर आंदोलन करेंगे। जिला जनपद सदस्य वतन चंद्राकर एवं ग्राम पंचायत सदस्यों की मौजूदगी में ग्राम रसनी में बैठक हुई। इस बैठक में 22 हेक्टेयर शासकीय जमीन को जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र विभाग को आवंटन करने विषय पर चर्चा हुई। बैठक में सरपंच सहित सभी ग्रामीणों ने इसका विरोध किया। वतन चंद्राकर ने बताया कि जिस शासकीय जमीन को उद्योग केंद्र को आवंटन किए जाने की प्रक्रिया चल रही है, उसका उपयोग बहुउद्देश्यीय खेल मैदान, धान खरीदी केंद्र, ग्रामीणों के लिए आबादी जमीन, चारागाह और वृक्षारोपण जैसे अत्यंत जरूरी कार्यों के लिए किया जाना तय है। इसके बावजूद इस जमीन को औद्योगिक प्रयोजन के लिए उद्योग केंद्र को आवंटन करने की तैयारी की जा रही है।

## उत्सव : वृक्ष पूजन के साथ विद्यार्थियों ने लिया हरियाली संवर्धन का संकल्प

# हरियर अचरा की थीम पर मनाया गया हरेली पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रवान

हरेली पर भारती विद्या मंदिर, रवान में प्रकृति संरक्षण एवं छत्तीसगढ़ी संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से "हरियर अचरा" कार्यक्रम का आयोजन उत्साह एवं गरिमापूर्ण वातावरण में किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा वृक्ष पूजन किया गया। विद्यार्थियों ने वृक्षों के महत्व, पर्यावरण संरक्षण तथा प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए वृक्षों की रक्षा एवं संवर्धन का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति, परंपराओं एवं हरेली पर्व के महत्व के संबंध में भी जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार द्वारा "हरियर अचरा" के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, हरियाली संवर्धन तथा अपनी लोकपरंपराओं से जुड़ाव का संदेश दिया गया। विद्यार्थियों में छत्तीसगढ़ की लोकगीतों एवं नृत्य का मंचन किया। छात्रों के लिए गेड़ी दौड़, फुगड़ी, भौरा, पिठुल जैसे विविध खेल का आयोजन हुआ। छत्तीसगढ़ी व्यंजन प्रदर्शनी ने सब का मन मोह लिया। विद्यार्थियों की सहभागिता ने कार्यक्रम को विशेष रूप से जीवंत एवं प्रेरणादायी बना दिया।



### मुडियाडीह में हरेली त्यौहार पर पौधारोपण

**पलारी।** विकासखंड पलारी के ग्राम मुडियाडीह में हरेली त्योहार के पूर्व संध्या में वन प्रबंधन समिति सदस्यों द्वारा पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर सहायक परिक्षेत्र अधिकारी राधेलाल चंद्राकर एवं वीटप्रभारी आबिद खान, अध्यक्ष वन प्रबंधन समिति मुडियाडीह कमल रात्रे, पंचायत प्रतिनिधि लिंकन गोयल, विरेंद्र गायकवाड़,सुखराम एवं समिति सदस्य गण तथा प्राथमिक एंव मिडिल स्कूल के अध्यापक सेवा राम वर्मा, पारस कुर्रे, समन्वयक दिलीप पैकरा एंव छात्र छात्राओं ने मिलकर जामून, नीम, अर्जून के 50 पौधों का रोपण किया।



### हरेली तिहार के रंग में रंगा पीएमश्री विद्यालय



**खरोरा।** पीएम श्री भरत देवांगन उत्कृष्ट हिन्दी-अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय में हरेली तिहार मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालयीन स्टॉफ व्याख्याता निशिता दीक्षित, शैलजा शर्मा, अपूर्वा ओगरे, पारुल पांडेय, अंकृति भिड़े, रूपाशिखा साहू, योगिता देवांगन, सना करीम, पावेत्री साहू, आंचल कसार, प्रीति वर्मा, कृतिका वर्मा, जास्मी जोश के साथ समस्त छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने हरेली तिहार से संबंधित आकर्षक पोस्टर एवं चित्र तैयार कर प्रस्तुत किए। इन पोस्टरों के माध्यम से विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ की कृषि संस्कृति, हरियाली, किसान, पशुधन एवं पारंपरिक जीवनशैली को रचनात्मक रूप से प्रदर्शित किया। विद्यार्थियों की इस पहल ने कार्यक्रम को विशेष आकर्षण प्रदान किया। कृषि एवं प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का पर्व - कार्यक्रम में बताया गया कि हरेली तिहार छत्तीसगढ़ की कृषि प्रधान संस्कृति का महत्वपूर्ण पर्व है। यह पर्व हरियाली, कृषि, पशुधन और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। इस दिन किसान अपने कृषि उपकरणों जैसे हल, फावड़ा, कुदाल एवं हंसिया आदि की पूजा करते हैं तथा अच्छी फसल एवं सुख-समृद्धि की कामना करते हैं।

# हरेली तिहार पर धोबी तालाब परिसर में रोपे गए 40 पौधे

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ की पारंपरिक संस्कृति एवं हरियाली के पर्व हरेली तिहार के अवसर पर नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार एवं मोहल्ला विकास समिति वार्ड क्रमांक 05 के संयुक्त तत्वावधान में धोबी तालाब परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में मोहल्ला विकास समिति के सदस्यों, नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारियों एवं स्वच्छता दीदियों ने सहभागिता करते हुए करीब 40 पौधों का रोपण किया।

इस अवसर पर तालाब परिसर में तिरंगा यात्रा भी निकाली गई। पौधारोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, हरियाली संवर्धन और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संदेश दिया गया।

विदित हो कि 13 एकड़ से अधिक करीब 8 सौ मीटर की परिधि में फैले धोबी तालाब परिसर में वर्ष 2019 से प्रत्येक वर्ष मानसून के दौरान पौधरोपण किया जा रहा है। अब तक लगाए गए पौधों में से करीब 150 से अधिक पौधे पेड़ का रूप ले चुके हैं, जबकि पिछले मानसून में रोपे गए करीब 50 पौधे भी अब तेजी से विकसित हो रहे हैं।

वार्ड पार्षद रोहित साहू ने बताया कि मोहल्ला वासियों द्वारा पौधारोपण के साथ-साथ इन पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण भी किया जा रहा है, ताकि धोबी तालाब परिसर को आने वाले समय में हरे-भरे एवं पर्यावरण अनुकूल क्षेत्र के रूप में विकसित किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी सुरक्षा का संकल्प भी लिया।

कार्यक्रम के दौरान नपा उपाध्यक्ष जितेंद्र महले, पार्षद रोहित साहू, शशि शुक्ला, दिगेश्वरी रविन्द्र नामदेव, श्रद्धा मनीष वर्मा, रेखा पोषण पटेल, सुरेश घृतलहरे, राजू सलूजा, सुभाष राव, सीएमओ आशीष तिवारी, सब इंजीनियर कमलेश्वरी गुरुपंचायन, दुर्गेश साहू, रोहित भारती, नपा कर्मचारी जय वर्मा, सतेंद्र सिंहा, हितेश वर्मा, राकेश मानिकपुरी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।





### चरवाहा को छतरी देकर किया सम्मानित



**अर्जुनी।** हरेली त्यौहार अर्जुनी, टोनाटार, गोगिया, मोपर, टोपा, गोढ़ी, मिरगी, नवागांव, पुरेना, खैरताल, खम्हरिया, भद्रापाली सहित आसपास के सभी गांवों में मनाया गया। इस दौरान किसानों ने अपने खेती किसानी औजारों व गौमाता की पूजा की। कई गांवों में हरेली पर बच्चों और युवाओं ने बांस से बनी गेड़ी चढ़कर दौड़ लगाई और गांव में पारंपरिक खेलो व व्यंजनों का आनंद लिया। किसानों ने हल नागर कुदाली जैसे किसानी उपकरणों को धोकर उनकी विधिवत पूजा अर्चना की। इस दौरान चरवाहा को ग्रामीणों ने छतरी भेंट कर सम्मानित किया। अर्जुनी से लगे हुए भाटापारा विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत गांव टोनाटार में ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने गौठान पहुंचकर पारंपरिक रीति रिवाज के साथ छत्तीसगढ़ संस्कृति का पहला त्यौहार हरेली का त्योहार मनाया गया। गौठान में हरेली पर्व पर सरपंच एवं सरपंच संघ उपाध्यक्ष विष्णु कोसले एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा गौठान पहुंचकर गाय बैलों की पूजा अर्चना की गई उन्हें गेहूं के आटे से बनी लौंदी खिलाई गई अलग-अलग जड़ी बूटियां भी दी गई। वही हरेली पर्व को यादगार बनाते हुए सरपंच एवं जनप्रतिनिधियों ने चरवाहा बैजू यादव बरातू यादव तेज यादव को छतरी देकर सम्मानित किया। इस दौरान दौलत कुंजाम उपसरपंच, कुलेश्वर पिंकू वर्मा पंच, डिगेश वर्मा, रूपनारायण रजक, रामकुमार जायसवाल, शैलेंद्र जायसवाल, चिंतामणि जायसवाल, राजेंद्र रजक, पूनम रजक, गेंदराम वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# हायर सेकंडरी स्कूल में छात्र संघ का चुनाव और शपथ ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

उ. मा. वि. सरखोर में छात्र संघ का चुनाव हुआ, जिसका शपथ ग्रहण 11 अगस्त को विद्यालय प्रांगण में हुआ। विद्यालय के सफल संचालन के लिए शाला नायक के रूप में हिमेश कैवर्त्य 12वीं बायो, उप शाला नायिका उमा कैवर्त्य 11वीं बायो छात्रा प्रतिनिधि -स्वाती भारद्वाज 12वीं बायो का चयन किया गया। इस प्रकार कक्षा नायक के रूप में कक्षा नवमी से कु मीनाक्षी वर्मा, दसवीं से दीपक चेलक, 11वीं कला से रोशन जोशी, 11वीं बायो से विक्की जांगड़े, 11वीं कामर्स से सुषमा कैवर्त्य, 12वीं कला से विजय कैवर्त्य, 12वीं बायो से भूषण कुमार वर्मा, 12वीं कामर्स से नेहा केवट का चयन किया गया 1 साथ में अनुशासन मंत्री के रूप में समीर जांगड़े, अनुशासन प्रभारी जान्हवी पांडेय, स्वच्छता प्रभारी बरखा लसेल, जल मंत्री नव्या जांगड़े, क्रीड़ा प्रभारी तनमय कुर्रे, सांस्कृतिक प्रभारी कु कांति पटेल, स्काउट प्रभारी जावेद पटेल, गाइड प्रभारी उमा कैवर्त्य, रेंजर प्रभारी साक्षी साहू, रेड क्रास प्रभारी कु. रिया कुर्रे, इको क्लब प्रभारी आँचल पटेल, स्वास्थ प्रभारी चारणी पटेल, आदि विभिन्न पदों का चयन किया गया। जिसका शपथ ग्रहण शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्राचार्य किशोर साहू, व्याख्याता गण मातादीन साहू, रामेश्वर प्रसाद साहू चित्रा बर्मन, विजय कुमार,गोविंद कुमार, वंजुलाजी, हेमलता साहू, शिव शक्ति साहू सर एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में छात्र संघ प्रभारी योगेन्द्र कुमार सोनवानी ने सभी प्रभारियों को शपथ ग्रहण कराया गया।



### हज प्रशिक्षकों से ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 23 तक

**रायपुर।** हज 2027 में हजयात्रा पर जाने वाले हज यात्रियों को प्रशिक्षण देने के लिए हज प्रशिक्षकों से आऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।इच्छुक हज प्रशिक्षक 23 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के चेयरमैन मिर्ज़ा एजाज़ बेग ने बताया कि, हज कमेटी ऑफ़ इंडिया मुंबई के सर्कुलर 05 से प्राप्त सूचना अनुसार हज 2027 के लिए जाने वाले हज यात्रियों को हज की ट्रेनिंग देने के लिए, हज प्रशिक्षकों के ऑनलाइन आवेदन 11 अगस्त से 23 अगस्त तक आमंत्रित किए जाएंगे। हज प्रशिक्षक के लिए निर्धारित अहर्ता एवं नियमावली का सम्पूर्ण विवरण, हज कमेटी की वेबसाइट **www.hajcommit-tee.gov.in** पर सर्कुलर 05 में उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी, मुखर्जी बाड़ा बैरन बाजार, रायपुर के दूरभाष क्रमांक 0771-4266646 पर संपर्क किया जा सकता है।

### कांवड़ यात्रा में गूंजा हर-हर महादेव का घोष...





**पलारी।** सोमवार को पलारी महाविद्यालय से बालसमुद स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर तक कांवड़ यात्रा निकाली गई। बड़ी संख्या में कांवड़िए, युवा और श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा के दौरान हर-हर महादेव और भारत माता की जय के जयघोष से पूरा मार्ग गूंज उठा। बालसमुद पहुंचने पर भगवान सिद्धेश्वर महादेव का विधिवत दुग्धाभिषेक किया गया। कार्यक्रम में भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा शामिल हुए। उन्होंने पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। शाम 6 बजे मंदिर परिसर में भव्य महाआरती हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। लोकेश यदु के नेतृत्व में आयोजित कांवड़ यात्रा में भाजयुमो जिलाध्यक्ष प्रणम्य पांडेय, जिला प्रभारी अंकित द्विवेदी, नीरज परगनिहा सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे। आयोजकों ने सफल आयोजन के लिए सभी श्रद्धालुओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## दो माह से रोज शाम चला रहीं अभियान

# ग्राम कोट में महिला कमांडो को मिला पुलिस का साथ दो माह से चला रहीं नशामुक्ति जनजागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोट (क) में सामाजिक सुरक्षा, नशामुक्ति और जनजागरूकता की दिशा में महिला कमांडो दल द्वारा लगातार सराहनीय पहल की जा रही है। महिला कमांडो के इस अभियान को अब पुलिस प्रशासन का भी सहयोग मिलने का भरोसा मिला है। बुधवार को पुलिस प्रशासन के अधिकारी ग्राम कोट (क) पहुंचे और महिला कमांडो दल से मुलाकात कर उनके कार्यों की सराहना करते हुए उत्साहवर्धन किया। पुलिस अधिकारियों ने महिला कमांडो दल को भरोसा दिलाया कि सामाजिक बुराइयों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पुलिस प्रशासन हर संभव सहयोग और आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराएगा। पुलिस के सकारात्मक रुख से महिला कमांडो और ग्रामीण महिलाओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

महिला कमांडो दल की अध्यक्ष श्याम कुमारी केवट ने बताया कि पिछले करीब दो माह से महिला कमांडो रोज शाम गांव की गलियों, सार्वजनिक स्थलों और अन्य स्थानों पर जाकर खुले में शराब पीने वाले लोगों को समझाइश दे रही हैं। उन्होंने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य गांव में नशामुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण तैयार करना तथा महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराना है। महिला कमांडो ग्रामीणों को शराब और अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति भी जागरूक कर रही हैं। साथ ही गांव में उत्पन्न होने वाली सामाजिक समस्याओं को समय रहते रोकने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर महिला कमांडो दल एवं ग्रामीण महिलाओं ने पुलिस प्रशासन के अधिकारियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। महिला कमांडो ने कहा कि समाज में अपराध की रोकथाम, महिलाओं की सुरक्षा, नशामुक्ति और जनजागरूकता के लिए उनका अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। पुलिस प्रशासन और महिला कमांडो दल के बीच बेहतर तालमेल को ग्राम कोट (क) में सामाजिक सुरक्षा, शांति और सकारात्मक बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।



# निबंध प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राएं सम्मानित




**भाटापारा।** हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय निबंध प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों का पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह हुआ। समारोह में राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा मुख्य अतिथि, अकाल पूरख की फौज के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत सिंह दत्ता, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. विकास आडील एवं अकाल पूरख की फौज के प्रदेश सलाहकार अमरजीत सिंह सलूजा विशेष रूप से उपस्थित रहे।


निबंध प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित छात्रों में प्रथम पुरस्कार आरती यादव कक्षा 12वीं, द्वितीय सरदार मनवीर सिंह, तृतीय पुरस्कार संयुक्त वंदना साहू कक्षा 10वीं, शिखा शर्मा कक्षा 9वीं एवं मनप्रीत कौर गुम्बर को दिया गया। इस अवसर पर गुरुकुल स्कूल के डायरेक्टर राम रतन मूंधड़ा की उपस्थिति में अतिथियों द्वारा विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।











संकलनकर्ता- इन्द्र कोटवानी, हरिभूमि संवाददाता तिल्दा-नेवरा, मो.: 9300688639, 7000171605

## खबर संक्षेप



### सावन की एकादशी पर मंदिर और घरों में हुआ रुद्राभिषेक

**खरोरा**। सावन मास की एकादशी पर क्षेत्र में भगवान भोलेनाथ की विशेष पूजा-अर्चना एवं रुद्राभिषेक किया गया। मंदिरों के साथ-साथ श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घरों में भी विधि-विधान से भगवान शंकर का रुद्राभिषेक कर सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। इस दौरान भगवान शिव का जल, दूध एवं पंचामृत सहित विभिन्न पूजन सामग्रियों से अभिषेक किया गया। ओम नमः शिवाय एवं हर-हर महादेव के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। रुद्राभिषेक में आसपास के श्रद्धालु भी शामिल हुए और भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### प्रभारी सचिव ऋचा शर्मा ने ली समीक्षा बैठक

**रायपुर**। जिले की प्रभारी सचिव एवं अपर उप सचिव ऋचा शर्मा ने जिले के विभिन्न विभागों के कामकाज की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों को शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सुशासन और नवाचार के क्षेत्र में अनेक कार्य किए जा रहे हैं। लोगों को सेवा-सेतु पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जनसुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों को सतही तौर पर न लिया जाए तथा वास्तविक रूप से निराकरण किया जाए।

### जिले में जोश स्वच्छता प्रहरी पहल का शुभारंभ

**रायपुर**। स्वच्छ भारत मिशन–ग्रामीण छत्तीसगढ़ अंतर्गत रायपुर जिले में जर्नी ऑफ सैनिटेशन एंड हाइजीन (जेओएसएच) जोश पहल का शुभारंभ हुआ। जिले की प्रभारी सचिव ऋचा शर्मा ने इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कलेक्टर गौरव सिंह, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर वाटरएड इंडिया के सहयोग से प्रशिक्षित जोश संचालकों (स्वच्छता प्रहरियों) को स्वच्छता किट प्रदान की गई। स्वच्छता किट के माध्यम से स्वच्छता प्रहरी सुरक्षित एवं प्रभावी तरीके से नियमित, गुणवत्तापूर्ण तथा मांग-आधारित स्वच्छता सेवाएं उपलब्ध करा सकेंगे।

बिलाईगढ विधायक कविता प्राण लहरे हुईं शामिल

# गिरौदपुरी धाम में मनाई गई मिनीमाता की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी





अखिल भारतीय सतनामी महासभा द्वारा मिनीमाता की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि सभा गिरौदपूरी धाम में हुई। राजमहंत दशेराम खांडे के समस्त पदाधिकारी राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य सम्माननीय राजमहंत के साथ मुख्य मंदिर में गुरुगद्दी पूजा अर्चना कर स्व मिनीमाता अमर रहे गुरु गोसाई अगम दास अमर रहे के जय घोष के साथ कार्यक्रम स्थल पर मिनीमाता के छायाचित पर माल्यार्पण किए। श्रद्धांजलि सभा को राजमहंत रामचन्द्र पाटले कोरबा ने संबोधित करते माता जी अमिट कार्यों को याद किया राजमहंत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुंदरसाय बंजारे ने माता जी के साथ उनके समय किये कार्यों उनसे मिलने वाली स्नेह उनके ऐतिहासिक कार्यों को याद करते नमन किया। महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष कुन्ती जांगड़े ने संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी लोगों माता जी पुण्यतिथि पर उनके अविस्मरणीय कार्यों याद करते हुए उनसे नारी शक्ति को प्रेरणा लेते सामाजिक कार्यों में आगे आने आव्हान किया साथ ही जांजगीर में नवनिर्मित मेडिकल कॉलेज का नाम करण मिनीमाता जी के नाम करने शासन से मांग करने की बात कही। श्रीमती रत्नप्रिया अनंत ने भी संबोधित करते माता जी के ममता को याद किया। श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते स्थानीय विधायक बिलाईगढ़ कविता प्राण लहरे ने माता जी को पुण्य तिथि पर नमन करते हुए कहा कि हम जो महिला सशक्तिकरण की ओर बढ़ रहे ममता मयी मिनीमाता के आशीर्वाद से उनका सपना था कि मेरे समाज के बेटियां उच्च मुकाम हासिल करें और सतनामी समाज के बेटियां विधायक, सांसद, डॉ ,इंजिनियर, प्रशासनिक अधिकारी बन कर उनके सपना को पूरा कर रहे हैं अपने क्षेत्र जनता को भी नमन किया और कहा कि जो मुझे सामान्य महिला से विधायक बनाए है मैं हर सुख में साथ रहूंगी।

## कर्मचारियों ने मिनीमाता की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**खरोरा**। मिनिमाता की पुण्यतिथि पर वेदराम मनहरे उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति आयोग के मुख्य आतिथ्य में पूजा अर्चनाकर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वेदराम मनहरे ने मिनीमाता को स्मरण करते हुए समाज के बेटा बेटियों की उज्वल भविष्य की कामना करते हुए मिनीमाता की जीवन संघर्ष और सेवा को अद्वितीय बताया तथा उनके विचार और आदर्श को प्रासंगिक बताया और चांद सूरज के रहते तक मिनीमाता को स्मरण करते रहने की बातें कही। इस अवसर पर खरोरा परिक्षेत्र के कक्षा 10 वीं 12वीं के प्रतिभावान छात्र- छात्राओं को मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र भेंटकर मुख्य अतिथि के हाथों सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र बारले एवं आभार मनविश्राम गिलहरे ने किया। इस अवसर पर समाज के कर्मचारी अधिकारी, वरिष्ठगण, मातृत्व शक्ति महिलाएं एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# मिनीमाता की पुण्यतिथि पर छात्रों को बांटे टाई बेल्ट, मिले 3 ग्रीन बोर्ड



भाटापारा। मिनीमाता की पुण्यतिथि पर प्राथमिक शाला लाल बहादुर शास्त्री एवं शहीद वीर नारायण सिंह स्कूल में विद्यालय प्रबंधन समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक पार्षद लक्ष्मीकांत टंडन एवं कुंजराम कोसले के आतिथ्य तथा संतोषी कटारे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें समिति सदस्यों के साथ पालकों ने भी सहभागिता की।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्रधान पाठक शोभाराम फूटान एवं जानकी फूटान ने सभी विद्यार्थियों को टाई-बेल्ट प्रदान किए। वहीं कपड़ा घर, सदर बाजार भाटापारा के संचालक एवं शिवानी पेट्रोल पंप की ऑनर बबीता भृगु द्वारा शाला को 3 नग ग्रीन बोर्ड प्रदान किए गए। विद्यालय परिवार एवं एसएमसी ने सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

बैठक में स्वतंत्रता दिवस समारोह एवं उल्लास चौपाल के आयोजन सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही वर्ष 2016 से लाल बहादुर शास्त्री स्कूल परिसर में संचालित शहीद वीर नारायण सिंह स्कूल को रिक्शा कॉलोनी स्थित नवनिर्मित भवन में शीघ्र स्थानांतरित कर अध्यापन प्रारंभ करने पर सहमति बनी। इसके लिए भवन एवं आवश्यक सुविधाओं का अवलोकन कर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने का निर्णय लिया गया।

कार्यक्रम में प्रधान पाठक शत्रुहन कुमार डहरिया, राजकुमारी साहू, शिक्षक प्रमोद कुमार वर्मा, बंशीलाल चौहान, सविता सोनकर, शत्रुघन कुर्रे, स्वयंसेवी शिक्षक तरुणा ध्रुव, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की शिक्षिका राधिका सहित एसएमसी के सदस्य उपस्थित थे।

# कानूनी अधिकारों के लिए महिलाओं को जागरूक करेगी गृहणी संस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन




ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति होने वाले उत्पीड़न की रोकथाम और उन्हें कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 'गृहणी' स्वयंसेवी संस्था ने एक वृहद कार्ययोजना तैयार की है। इस अभियान के तहत लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण और कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम के प्रति पंचायत स्तर, स्वयं सहायता समूहों और स्कूलों तक जागरूकता फैलाई जाएगी।

अभियान की प्रारंभिक बैठक संस्था के महिला सशक्तिकरण भवन, कुथरौद में आयोजित की गई। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख रूपा श्रीवास्तव ने पीपीटी, प्रिंटेड सामग्री, गेम्स और रोल-प्ले के माध्यम से प्रतिभागियों को कानूनों व अधिकारों की जानकारी दी। बैठक में आसपास की स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि, जनपद व जिला पंचायत अधिकारी और लगभग 50 महिलाएं शामिल हुईं।

अभियान के मुख्य उद्देश्य है ग्रामीण क्षेत्रों में पॉक्सो और पोश एक्ट के प्रावधानों का व्यापक प्रचार-प्रसार करना। हर गांव में विषय विशेषज्ञ तैयार करना ताकि पीड़ित पक्ष को स्थानीय स्तर पर तुरंत सहायता मिल सके और ब्लॉक स्तर पर संबंधित विभागों और शासन की भागीदारी से प्रभावी नेटवर्क तैयार करना।

संस्था प्रमुख रूपा श्रीवास्तव ने बताया कि देश की प्रमुख संस्थाओं को नॉलेज पार्टनर बनाकर इस कार्ययोजना को स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार समय-समय पर और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा, ताकि हर गांव में महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण मिल सके।

# भाजपा निपनिया मंडल ने निकाली तिरंगा यात्रा



**करहीबाजार**। भाजपा निपनिया मंडल युवा मोर्चा के तत्वावधान में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।तिरंगा यात्रा निपनिया से प्रारंभ होकर मोपकी, धनेली, गुड़ा, बिटकुली होते हुए करही बाजार पहुंची, जहां यात्रा का समापन हुआ। यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों में देशभक्ति का उत्साह देखने को मिला। हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता के जयकारों के साथ युवाओं ने देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम मे स्कूली छात्रों द्वारा मां भारती की छायाचित्र लेकर तिरंगा यात्रा के साथ गांव भ्रमण किया और कार्यक्रम स्थल पर राष्ट्रगीत और राजकीय गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शक्ति जिला भाजयुमो प्रभारी अविनाश शर्मा उपस्थित रहे। वहीं निपनिया मंडल अध्यक्ष मथुरा यादव, मंडल महामंत्री राजेश पटेल एवं रोहित साहू मुख्य अतिथि द्वारा उद्बोधित किया गया । तिरंगा यात्रा के माध्यम से युवाओं ने राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और देश के प्रति समर्पण की भावना का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रभक्ति के जयघोष के साथ हुआ। उक्त अवसर पर ग्राम के सरपंच की कमला अरुण निषाद, उप सरपंच अशोक पटेल, अजरदास मानिकपुरी, मुकेश केशरवनी, सियाराम चक्रधारी रामकुमार यादव, रघुवर केसरवानी, मोतीराम देवांगन, चुनेश देवांगन, देवक साहू, चेतन वर्मा, टिक्की वर्मा, धनीराम साहू, ईश्वर देवदास युवा मोर्चा, तरुण साहू, बृजेश निषाद, तेजराम यादव, कृष्ण दास मानिकपुरी,मुलशंकर पटेल, ईश्वर यादव, उदय देवांगन, लेखराम पटेल, रामकुमार पटेल, पवन, राम प्रसाद पटेल, सहित निपानिया मंडल भजियों कार्यकर्ता और ग्रामवासी अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

# सिलाई और ब्यूटीशियन प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन




अल्ट्राटेक सीमेंट हिरमी के सीएसआर विभाग द्वारा संचालित कौशल विकास एवं आजीविका संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत सिलाई एवं ब्यूटीशियन प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण पूर्ण करने पर प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सिलाई में 39 एवं ब्यूटीशियन प्रशिक्षण में 30 महिलाओं सहित कुल 69 महिलाओं ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षणार्थी आसपास के 7 ग्रामों से शामिल हुईं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि क्षेत्र की जनपद सदस्य उमा अनंत द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं एवं युवतियों को सिलाई-कढ़ाई, परिधान निर्माण तथा ब्यूटीशियन से संबंधित विभिन्न व्यावहारिक कौशल का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन ग्रामीण विकास अधिकारी वैभव त्रिपाठी द्वारा किया गया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को अपने हुनर का उपयोग कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। इसके अतिरिक्त 15 प्रशिक्षणार्थियों को स्वरोजगार प्रारंभ करने हेतु आवश्यक सहयोग भी प्रदान किया जा रहा है, जिससे वे प्रशिक्षण में प्राप्त कौशल को आजीविका के साधन में परिवर्तित कर सकें। प्रमाण-पत्र प्राप्त कर प्रशिक्षणार्थियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण से उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे।

सीएसआर विभाग द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को भविष्य में भी आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान करने की बात कही गई। कार्यक्रम में अल्ट्राटेक सीएसआर से आशुतोष खरे, प्रीतम पटेल, रामनिहोर साहू, उमाशंकर धीवर, मनोज वर्मा, तारणी राजपूत, सविता वर्मा, दीपिका पटेल एवं पूजा मसीह उपस्थित रहे।

## सिरपुर को यूनेस्को विश्व धरोहर में शामिल कराने बृजमोहन ने की मांग

**रायपुर**। रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से भेंट की। उन्होंने छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक, पौराणिक और ऐतिहासिक धरोहरों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पटल पर नई पहचान दिलाने के लिए चर्चा की। मुलाकात में महासमुंद जिले में स्थित ऐतिहासिक व पुरातात्विक नगरी सिरपुर को 'यूनेस्को विश्व धरोहर' के रूप में मान्यता दिलाने पर जोर दिया। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया कि महानदी के तट पर बसा सिरपुर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बौद्ध, हिंदू और जैन धर्मों की साझी संस्कृति तथा समरसता का अनुपम केंद्र है।

# सेवानिवृत्ति पर प्रधान पाठक ने कराया न्योता भोज



**खरोरा**। संकुल केंद्र पचरी अंतर्गत प्राथमिक शाला आलेसुर के प्रधान पाठक हेमलाल नेताम ने अपने जन्मदिन एवं प्रधान पाठक पद से सेवानिवृत्ति पर विद्यालय में न्योता भोज का आयोजन किया।

इस अवसर पर उन्होंने संकुल केंद्र पचरी अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों के समस्त शिक्षकों को आमंत्रित कर बच्चों के साथ खुशियां साझा कीं। न्योता भोज में विद्यार्थियों ने विविध प्रकार के व्यंजनों का आनंद लिया। आयोजन में शासकीय प्राथमिक शाला आलेसुर के शिक्षक परसराम देवांगन, जितेंद्र नेताम एवं सुबोध कुर्रे सहित शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष वीणा यदु, सदस्य आशा वर्मा तथा ग्राम के गणमान्य नागरिकगण गोवर्धन वर्मा, सुखीदास वैष्णव,धाजाराम यदु,कमल वर्मा, राजेश सेन, प्रेमलाल वर्मा, रामाधार यदुउपस्थित रहे। वहीं संकुल केंद्र पचरी के शिक्षक युगल किशोर वर्मा, मनीराम वर्मा, गणेश राम देवांगन, तारकेश्वर कुमार धीवर, चंद्रशेखर रात्रे, युधिष्ठिर बुड़ेक, नरेंद्र कुमार साहू, योगेंद्र देवांगन एवं संकुल समन्वयक कांत कुमार सहित अन्य शिक्षकगण भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष

### युवा अपने हौसलों...

इस अवसर पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल,जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल उपस्थित थे। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल, कलेक्टर कुलदीप शर्मा,एसपी गौरव राय, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा,डॉ.सनम जांगड़े, प्रमोद शर्मा,जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि,अधिकारी एवं बड़ी संख्या मे युवा उपस्थित रहे।

### चारागाह भूमि उद्योग...

निर्णय का सम्मान करते हुए भूमि हस्तांतरण तत्काल रोकना चाहिए। सरपंच चंदेरी रंजीता कौशल ने कहा कि ग्राम पंचायत ने सर्वसम्मति से इस भूमि को उद्योग विभाग को देने का विरोध किया है। हमारी मांग है कि भूमि को चारागाह एवं शासकीय प्रयोजन के लिए सुरक्षित रखा जाए। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू भाटिया ने कहा कि चंदेरी की भूमि को औद्योगिक प्रयोजन के लिए देने का कांग्रेस पुरजोर विरोध करती है। आज तहसीलदार अनुराग भट्ट को ज्ञापन सौंपकर शासन से प्रस्ताव निरस्त करने की मांग की। इस दौरान ग्रामीणों ने मांग की कि भूईयां पोर्टल एवं राजस्व अभिलेखों में भूमि का प्रयोजन परिवर्तन निरस्त कर पूर्ववत 'चारागाह, जंगल' बहाल किया जाए तथा भूमि को भविष्य में भी शासकीय जंगल, शासकीय नर्सरी एवं प्राकृतिक चारागाह के रूप में सुरक्षित रखा जाए। उक्त अवसर पर उपसरपंच दिलेश्वरी साहू, पंचगण मैना बाई, हेमलाल साहू, मुकेश साहू, हीरू साहू, दीपक पॉल, दुलेरिन बाई, मंसाराम साहू, सरिता ध्रुव, शिवकुमारी नवरेंगे, गुलाबचंद भारती, कमलेश कौशल, साक्षी कौशल, सुनीता यादव, मंजू शुक्ला, विवेक अग्रवाल, मोहन गायकवाड़, कुलदीप सलूजा, अय्यूब खान, चंदू साहू, विष्णु कोसले, अशोक देवांगन, श्यामलाल देवांगन, भिखारी गहरे, विक्की मानिकपुरी, यश शर्मा, वासु साहू, हेमलाल साहू, ढ़ेलू साहू, हिम्मत शर्मा, राजा तिवारी, हेमदास कोसले, अश्वनी बारले, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### विश्व आदिवासी दिवस...

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और 25 में से 20 आदिवासी सांसदों ने इस खास दिन समाज को बधाई देना तक उचित नहीं समझा। उन्होंने आरोप लगाया कि आदिवासी कल्याण के बड़े-बड़े दावे करने वाली भाजपा की इस सामूहिक चुप्पी से स्पष्ट होता है कि वे आदिवासियों के जल, जंगल, जमीन, संवैधानिक अधिकारों, शिक्षा, रोजगार और सुरक्षा के प्रति गंभीर नहीं हैं।

### नकली ऑयल तैयार...

द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए मौके पर जांच एवं आवश्यक साक्ष्य संकलन किया गया। धारा 63,65 कॉपीराइट एक्ट, ट्रेडमार्क अधिनियम की धारा 104 तथा धारा 318(4), 347, 349, 350(2)बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी 20 वर्षीय दिनेश पिता अशोक रजक निवासी ग्राम मुढ़ीपार रवान को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया है।

### तिरंगा हमारी आन...

शर्मा, डीएफओ पंकज कमल, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि,नागरिकगण एवं स्कूली छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल हुए।















संकलनकर्ता- इन्द्र कोटवानी, हरिभूमि संवाददाता तिल्दा-नेवरा, मो.- 9300688639, 7000171605

## खबर संक्षेप



### रवान में विश्व स्तनपान दिवस मना

**रवान**।राज्य शासन द्वारा 1 से 7 अगस्त तक चलने वाली विश्व स्तनपान सप्ताह पर रवान के आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें आंगनबाड़ी के सभी कार्यकर्ता, सहायिका एवं ग्राम के महिलाएं उपस्थित थी।

### विधायक अनुज ने दीपक धनकर को बनाया अपना प्रतिनिधि



खरोरा। नगर पंचायत में धरसीवां विधायक अनुज शर्मा ने दीपक धनकर को अपना विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। विधायक द्वारा नियुक्ति पत्र के अनुसार नगर पंचायत खरोरा क्षेत्र में जनहित एवं सार्वजनिक कार्यो के बेहतर संचालन तथा आम नागरिकों की समस्याओं से त्वरित निराकरण को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया। अपनी नियुक्ति पर आभार व्यक्त करते हुए दीपक धनकर जो वर्तमान में खरोरा मंडल के कार्यालय प्रभारी ने कहा कि वे विधायक अनुज शर्मा के विश्वास और जनता की अपेक्षाओं पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। नगर के विकास और जनहित के मुद्दे को प्राथमिकता से उठाना उनकी पहली पसंद होगी। दीपक धनकर की नियुक्ति पर सोना वर्मा, नरेंद्र ठाकुर, अनिल सोनी, रमेश शर्मा, सुमित सेन, घनश्याम चंद्राकर, सूरज सोनी, सावन शर्मा, पूर्णिमा धनकर, मनीषा कोसले सहित समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने बधाई दी।

### जिले में अब तक 769.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**बलौदाबाजार** । जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून से 12 अगस्त 2026 तक 769.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अब तक तहसील टुण्डरा में 1054 मिमी, बलौदाबाजार में 875.5 मिमी, पलारी में 775.5 मिमी, सोनाखान 685.6 मिमी., लवन में 701.1मिमी, सुहेला 717.1 मिमी, कसडोल 698.9 मिमी, सिमगा में 700.1 मिमी एवं भाटापारा में 722.1मिमी, वर्षा दर्ज की गई है। इस तरह कुल 6924.4मिमी वर्षा अभी तक दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 769.9मिमी है।

## निधन

### शांति देवी जायसवाल



**भाटापारा**। गांधी मंदिर वार्ड निवासी शांति देवी जायसवाल 94 वर्ष का 13 अगस्त को निधन हो गया। वे विजय, विनोद एवं नवीन जायसवाल की माताजी तथा आशीष, अवकाश एवं विकास की दादीजी थीं। उनकी अंतिम यात्रा 14 अगस्त को प्रातः 10 बजे निवास स्थान से रामसागर वार्ड मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।

# नशामुक्ति के संकल्पों से गूंजे तिल्दा के स्कूल, विद्यार्थियों ने ली नशामुक्ति की प्रतिज्ञा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तिल्दा-नेवरा

## ब्रह्माकुमारीज़ के 10 करोड़ नशामुक्ति, स्कूलों में जनजागरूकता कार्यक्रम

ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा देशभर में चलाए जा रहे 10 करोड़ नशामुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान के तहत तिल्दा क्षेत्र में भी नशामुक्ति एवं जनजागरूकता अभियान जोर पकड़ रहा है। 6 अगस्त से शुरू हुए अभियान के अंतर्गत ब्रह्माकुमारीज़ तिल्दा सेवाकेंद्र की टीम क्षेत्र के विभिन्न शासकीय एवं गैर-शासकीय विद्यालयों में पहुंचकर विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर रही है।

इसी क्रम में स्वामी आत्मानंद प्रियदर्शिनी स्कूल, शासकीय हाई स्कूल सासाहोली और आत्मानंद स्कूल कुरमी बोर्डिंग में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने नशामुक्ति की प्रतिज्ञा लेकर स्वस्थ, सकारात्मक एवं आदर्श जीवन जीने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्यों एवं शिक्षकों का भी सहयोग मिला।

अभियान के दौरान विद्यार्थियों से कहा गया कि यदि उनके आसपास कोई व्यक्ति नशे की गिरफ्त में है तो उसका उपहास करने के बजाय प्रेम, सहयोग और सकारात्मक व्यवहार के माध्यम से उसे नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करें। वक्ताओं ने माता-पिता और शिक्षकों की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताते हुए बच्चों के साथ नियमित संवाद और बेहतर वातावरण को नशे से बचाव का प्रभावी माध्यम बताया।



### नशे से दूर रहने किया जागरूक

ब्रह्माकुमारीज़ के सेवाधारी भाई आकाश धुरंधर ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए तंबाकू, शराब सहित विभिन्न नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि युवा अक्सर मित्रों की संगति, आकर्षण और सामाजिक दबाव में नशे की शुरुआत करते हैं और धीरे-धीरे इसकी गिरफ्त में फंस जाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को बाहरी पदार्थों में सुख तलाशने के बजाय आत्मबल और सकारात्मक सोच विकसित करने की प्रेरणा दी।

## आयोजन : देशभक्ति गीतों से गूंजा नगर, हर घर तिरंगा अभियान में उमड़ा जनसैलाब

# 75 फीट तिरंगे के साथ निकाली यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरोरा

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत पीएम श्री भरत देवांगन उत्कृष्ट हिन्दी-अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय में 13 अगस्त को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। 75 फीट लंबे विशाल तिरंगे के साथ निकाली इस यात्रा ने पूरे खरोरा नगर को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। यात्रा में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं, जनप्रतिनिधियों एवं नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

तिरंगा यात्रा के दौरान विद्यार्थी हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर देशभक्ति के नारों के साथ आगे बढ़े। देशभक्ति गीत, एवं राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत प्रस्तुतियों ने वातावरण को भाव-विभोर कर दिया। विशाल 75 फीट तिरंगा यात्रा का प्रमुख आकर्षण रहा, जिसे लेकर विद्यार्थियों एवं नगरवासियों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

यात्रा के दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम सहित देशभक्ति के नारों से नगर का वातावरण गूंजायमान रहा। नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरती तिरंगा यात्रा को देखने के लिए बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। नागरिकों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान एवं राष्ट्रप्रेम की भावना प्रदर्शित की।

**जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में नगरवासी हुए शामिलः** तिरंगा यात्रा में उपाध्यक्ष छ.ग. राज्य अनुसूचित जाति आयोग वेदराम मनहरे, नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता अनिल सोनी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमित सेन, प्राचार्य रजनी मिंज, मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमप्रकाश सिंह, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी, विकास सिंह ठाकुर, रश्मि वर्मा, गुरजीत कौर भाटिया, सचिन अग्रवाल, संजीव देवांगन, दुलेश साहू, रमेश शर्मा, दीपक धनकर, पूर्णिमा धनकर, घनश्याम चंद्राकर, छगन यादव, नगर पंचायत खरोरा पार्षदगण सहित विद्यालय परिवार के समस्त स्टॉफ एवं समस्त विद्यालयीन छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इसके अलावा बड़ी संख्या में खरोरा नगर के नागरिकों ने भी तिरंगा यात्रा में सहभागिता कर आयोजन को भव्य स्वरूप प्रदान किया।



### राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता का दिया संदेश

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं नागरिकों में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करना तथा हर घर तिरंगा अभियान के प्रति जन-जागरूकता उत्पन्न करना रहा। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के साथ देश की एकता और अखंडता को बनाए रखना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है।

### विद्यार्थियों में दिखा गजब का उत्साह

तिरंगा यात्रा के दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। विद्यार्थियों ने अनुशासन एवं एकजुटता के साथ यात्रा में भाग लेकर राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। विद्यालय परिवार द्वारा आयोजित इस आयोजन ने विद्यार्थियों में देश के प्रति गौरव, कर्तव्यबोध एवं राष्ट्रीय चेतना की भावना को मजबूत किया।कार्यक्रम के सफल आयोजन पर विद्यालय परिवार ने सभी जनप्रतिनिधियों, शाला प्रबंधन समिति, नगरवासियों, पालकों, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### तिरंगा यात्रा-बाइक रैली में शामिल हुए जिपं अध्यक्ष नवीन अग्रवाल

**खरोरा**। ग्राम बुडेरा में हरेली पर्व पर देशभक्ति, संस्कृति और ग्रामीण उत्सव का अद्भुत संगम देखने को मिला। युवा साथियों द्वारा आयोजित भव्य तिरंगा यात्रा एवं बाइक रैली में जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल शामिल हुए। तिरंगा यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में युवाओं ने हाथों में तिरंगा लेकर बाइक रैली निकाली और भारत माता के जयघोष के साथ राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। युवाओं के उत्साह, अनुशासन और देशप्रेम से पूरा ग्राम बुडेरा देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने युवाओं से आत्मीय मुलाकात कर उनके उत्साह का वर्धन किया तथा इस भव्य आयोजन के लिए सभी युवा साथियों को बधाई दीं।



# भारत माता के जयघोष से गूंजा कसडोल, निकाली तिरंगा यात्रा

**कसडोल** । स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में भाजपा मंडल एवं नगर पंचायत कसडोल के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत तिरंगा यात्रा निकाली गई। हाथों में तिरंगा लेकर निकले लोगों ने भारत माता के जयघोष और देशभक्ति नारों से पूरे कसडोल नगर को गुंजायमान कर दिया। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ शहीद संतराम साहू स्मृति स्थल से हुआ। यात्रा नगर के गौरव पथ से होते हुए बजरंग चौक पहुंची, जहां इसका समापन किया गया। यात्रा के दौरान नगर में जगह-जगह देशभक्ति का माहौल नजर आया।





तिरंगा यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ अनुविभागिय अधिकारी रामरतन दुबे, तहसीलदार विवेक पटेल, जनपद सीईओ कमलेश कुमार साहू, नगर पंचायत सीएमओ मनीष वारे, नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए। सभी ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर राष्ट्र के प्रति सम्मान और एकता का संदेश दिया।

कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं मंडल प्रभारी डॉ. अजय राव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा श्रीमती श्याम बाई साहू, राजकुमार जायसवाल, डॉ. सुदीप मानिकपुरी मंडल अध्यक्ष, दिलहरण जायसवाल, नागेश्वर साहू अध्यक्ष नगर पंचायत, सरिता जायसवाल, शीला वर्मा, गोटिलाल साहू, राजेंद्र श्रीवास, शनि यादव, रविकांत बंजारे, खम्हन वर्मा, निर्मला साहू, राजेश साहू, पुनेश्वर मिश्रा, रामा धीवर, संजय साहू, मंजू बंजारे, भगवती साहू, शकुंतला पटेल, चन्द्रिका वैष्णव, श्री यादव, अजय श्रीवास एवं कमल कैवर्त सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

तिरंगा यात्रा में उमड़ी भीड़ ने स्वतंत्रता दिवस के पूर्व नगर में देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। आयोजकों ने यात्रा को सफल बनाने में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वाले भाजपा के ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं, नगर पंचायत परिवार, विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं एवं समस्त नगरवासियों का आभार व्यक्त किया।

### बिजली सेवाओं में देरी पर उपभोक्ताओं को मिलेगा मुआवजा




**कसडोल**। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा निर्धारित सेवा मानकों एवं विद्युत उपभोक्ता हितों से जुड़े प्रावधानों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम, रायपुर द्वारा गुरुवार को नगर पंचायत सभा कक्ष कसडोल में विद्युत उपभोक्ता जागरूकता बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम, रायपुर के अध्यक्ष अशोक खंडेलवाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यशाला में घरेलू एवं गैर-घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को विद्युत सेवाओं से जुड़े उनके अधिकारों, निर्धारित सेवा मानकों तथा शिकायतों के समयबद्ध निराकरण की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई।व उन्होंने कहा कि यदि निर्धारित समय-सीमा के भीतर शिकायत का निराकरण नहीं होता अथवा सेवा मानकों का पालन नहीं किया जाता है, तो उपभोक्ता विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जागरूकता कार्यशाला में जीपी आनंद, अधीक्षण अभियंता बलौदाबाजार, बीके वर्मा, कार्यपालन अभियंता कसडोल, कुमार विक्रम, सहायक अभियंता कसडोल, राणा सिंह राय, सहायक अभियंता बिलाईगढ़ तथा जसवंत कुमार तारम बड़ी संख्या में विद्युत उपभोक्ता उपस्थित थे।

#### समय-सीमा की दी जानकारी

कार्यक्रम में फोरम अध्यक्ष अशोक खंडेलवाल ने बताया कि नए विद्युत कनेक्शन, निम्न दाब कनेक्शन का कन्वर्जन, मीटर संबंधी शिकायत, खराब अथवा जले मीटर का प्रतिस्थापन, बिजली बिल प्राप्त नहीं होने, बिलिंग त्रुटि, सुरक्षा जमा राशि की वापसी, विद्युत कनेक्शन विच्छेदन, लो-वोल्टेज, नाम परिवर्तन, फ्यूज ऑफ कॉल, पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत नेट मीटरिंग, सब्सिडी तथा टैरिफ श्रेणी परिवर्तन सहित विभिन्न विद्युत सेवाओं के लिए वितरण कंपनी द्वारा निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण सेवा उपलब्ध कराना अनिवार्य है।

### स्काउट गाइड की छात्राओं ने जवानों के लिए भिजवाई राखियां



**लवन**। ऑपरेशन सिपाही रक्षा सूत्र अभियान 2026 के अंतर्गत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय - सरखोर की छात्राओं ने सीमाओं पर डटे जवानों के लिए राखियां भिजवाई।

भारत स्काउट्स गाइडस एवं रेंजर व रेडक्रॉस छात्राएं रिया कुर्रे, ज्योति डहरिया, उमा केवट, माधुरी वर्मा, प्रियंका बंदे, शशिकला पटेल, साक्षी साहू, जान्हवी पाण्डेय द्वारा रक्षा सूत्र जिला शिक्षा अधिकारी व डीओसी बलौदाबाजार सूरज कसार के माध्यम से स्काउट मास्टर योगेन्द्र कुमार सोनवानी द्वारा सैनिकों को प्रेषित किये। छात्रों, गाइड व रेंजर की इस देशभक्ति कार्य के लिए संस्था प्रमुख किशोर कुमार साहू, व्याख्याता रचना साहू, शशिकला ढीवर, बुधवन्तिन डहरिया ने बधाई दी। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कमलेश पटेल व ग्राम सरपंच मोहन बंजारे द्वारा इस कार्य के लिए बधाई दी।




**अमानत में खयानत का आरोपी गिरफ्तारः रायपुर**। गंज थाने की पुलिस ने कारोबारी की दुकान से अमानत में खयानत करने वाले कर्मचारी को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया है। अक्षय कुमार राजवाड़े की शिकायत पर पुलिस ने पश्चिम बंगाल, हावड़ा निवासी जमीर मुल्ला को गिरफ्तार किया है। उसने सेलून से 28 जुलाई को 7.32 लाख रुपए कीमत का विग, हेयर एक्सटेंशन, ब्यूटी प्रोडक्ट चोरी कर ले गया था।





# नगर पंचायत में 23 हितग्राहियों को मिली भवन अनुज्ञा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पलारी

- 18 माह में निर्माण पूरा करने पर मिलेगी अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि

नगर पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत पात्र हितग्राहियों को पक्के आवास उपलब्ध कराने की दिशा में प्रक्रिया तेज कर दी गई है। योजना के अंतर्गत 23 हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा प्रदान की गई है। भवन अनुज्ञा मिलने के बाद अब हितग्राही अपने आवास निर्माण का कार्य प्रारंभ कर सकेंगे।

योजना के तहत प्रत्येक हितग्राही को कुल 2 लाख 50 हजार की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। इसमें प्रथम किस्त के रूप में 1 लाख रुपये तथा द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ किस्त के रूप में 50-50 हजार दिए जाएंगे। आवास निर्माण कार्य निर्धारित 18 माह की समयावधि में पूर्ण करने पर हितग्राहियों को मुख्यमंत्री गृह प्रवेश योजना के तहत 32,850 रुपये की अतिरिक्त सहायता राशि दिए जाने का भी प्रावधान है।



योजना के तहत निर्मित किए जा रहे आवासों में वर्षा जल संचयन के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करना अनिवार्य किया गया है। इसके साथ ही प्रत्येक हितग्राही को कम से कम दो पौधे लगाकर उनके संरक्षण एवं सिंचाई की जिम्मेदारी भी निभानी होगी।

नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को उनके सपनों का पक्का घर उपलब्ध कराना नगर पंचायत की प्राथमिकताओं में शामिल है। 23 हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा मिलने से आवास निर्माण की प्रक्रिया को गति मिलेगी। उन्होंने हितग्राहियों से निर्धारित समयावधि में आवास निर्माण पूर्ण करने तथा योजना के सभी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की।इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, सीएमओ मनोज बंजारा, सभापति लेखु वर्मा, नेमसिंह बांधे, प्रतिभा धीरहे, कुमार धीवर, पार्षदगण नारायण धीवर, डोमार वर्मा, लुकेश्वरी निषाद, खेलन वर्मा, राधा वर्मा, रवि ध्रुव, बंटी वर्मा, एल्डरमैन नेतरंजन निर्मलकर, नूतन सेन, मंजू यादव, इंजीनियर पोषण साहू, भोजराम साहू सहित योजना के हितग्राही उपस्थित रहे।

